an>

Title: Need to undertake doubling of Jhansi-Manikpur and Banda-Kanpur railway lines in Uttar Pradesh and also increase the frequency of trains running on these routes.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : उपाध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र से गुजरने वाली एकमात्र रेलवे लाइन झांसी मानिकपुर में दोहरीकरण न होने से मेरे संसदीय क्षेत्र के यात्रियों को बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ता है। गाड़ियां क्रॉसिंग की समस्या के कारण काफी समय लेती हैं तथा लेट होती हैं। नई ट्रेनें भी जब हम मांगते हैं तो सिंगल ट्रेक कहकर वहां की उपेक्षा होती है।

अतः सदन का ध्यान इस ओर दिलाते हुए आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि उक्त सबसे पुराने झांसी मानिकपुर मार्ग तथा बांदा कानपुर मार्ग को शीघ्र गी दोहरीकृत कराने को इसी बजट में धन उपलब्ध कराकर उसे शीघ्र पूरा कराने तथा तब तक यात्रियों को तत्काल राहत हेतु इन दोनों लाइनों पर चलने वाली सभा ट्रेनों के फेरे बढ़ाकर नियमित कराने की कृपा करें।

माननीय उपाध्यक्ष : श्री अशोक कुमार दोहरे - उपस्थित नहीं।

श्री दुष्यंत सिंह - उपस्थित नहीं।